सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा:-8 **विषय:-हिन्दी** **पाठ:-2**

मौखिक

1. उत्तर बताइए-

(क) आगम ने झुँझलातें हुए कहा कि कोरोना की वजह से लाकडाउन लंबा खिंच रहा है जिससे बोरियल हो रही है।

(ख) सुबह का वातावरण बड़ा साफ़-सुथरा, खुशनुमा और प्रदूषण मुक्त था।

(ग) काढ़ा हमारी इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करके हमें ताकतवर बनाता है, जिससे वायरस बैक्टीरिया हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते।

(घ) मनु अपनी माँ के साथ बालकनी में रोज़ ब्रिस्क वॉक जॉगिंग करती है।

(ङ) कोरोना जैसी संक्रामक बीमारी का खतरा बना होने के कारण विद्यालय में सतर्कता रखना ज़रूरी है।

लिखित

2. **प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) माँ ने आगम को समझाते हुए कहा कि लाकडाउन में बोर होने के बजाय हर दिन किस तरह से क्या-क्या करना है, इस पर विचार करना चाहिए। कुछ नई चीजें सीखने के बारे में सोचना चाहिए। इस तरह इस समय का सदुपयोग करने का प्रयास करना चाहिए।

(ख) लॉकडाउन के दौरान विहान ने नई-नई चीज़ें सीखना शुरू किया था। ऑनलाइन कक्षाओं के बाद जो समय बचता था, उसमें उसने माँ से चाय बनाना सीखा था। पापा के साथ बॉक्स बनाया। जिसमें अपनी पुरानी चीज़ें रखकर, यादों की पिटारी तैयार की थी।

(ग) काव्या ने सूचना दी कि उसके पापा ने किसी विज्ञापन की जानकारी दी है जिसमें लिखा था कि वे लोग ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। उसमें कविता पाठ, हैंडीक्राफ्ट और गायन प्रतियोगिता होने वाली थी। 'कोरोना से बचाव' इस विषय पर पेंटिंग करनी थी। 'कोरोना को हराना है'- इस विषय पर कविता लिखनी थी।

(घ) काढ़ा - तुलसी, गुड़, सोंठ, लौंग, अदरक आदि डालकर बनता है।

(ङ) लॉकडाउन में बच्चों ने कई रचनात्मक कार्य किए। कुछ ने छोटी-मोटी कहानियाँ लिखना सीखा, कुछ बच्चों ने पेंटिग बनाना सीखा। बच्चों ने गीत गाना भी सीखा।

3. **पाठांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर**

(क) आगम ने हैंडी क्राफ़्ट प्रतियोगिता में संदूकची बनाई।

(ख) मनु ने अपनी दादी से सीखा एक सुंदर गीत गाकर रंग जमाया।

(ग) जीतने की खुशी में बच्चों ने अपनी बनाई चीज़ों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में साझा किया और साथ मिठाइयाँ भी खाईं।

(घ) मम्मी-पापा और दादा-दादी खुश थे कि बच्चों का मन लग रहा है और उन्होने कुछ रचनात्मक कार्य किया है।

(ङ) बहुवचन रूप - खुशी - खुशियाँ ; मिठाई - मिठाइयाँ

4. **सही उत्तर पर (✓) का चिह्न बनाइए-**

(क) प्राणायाम (ख) चिड़िया का घोंसला

(ग) कविता पाठ